एहतियात : पीजीआई में ई-ओपीडी की सुविधा शुरू

लखनऊ | संवाददाता

कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते पीजीआई ने ओपीडी में सीमित मरीजों को देखने के साथ ई-ओपीडी की सुविधा शुरू की है। ओपीडी में 20 नए और 30 पुराने मरीज देखे जाएंगे। इन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ मरीज और उसके एक तीमारदार को कोरोना की आरटीपीसीआर जांच की निगेटिव रिपोर्ट होने पर प्रवेश मिलेगा। अब संस्थान के कर्मचारियों को आईकार्ड दिखाने पर प्रवेश मिलेगा। निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि ई ओपीडी 13 जनवरी से लागू होगी। सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9:30 से दोपहर एक बजे तक और शनिवार सुबह 9:30 से 12 बजे तक लाभ मिलेगा।